Visit us at : http://www.ProgressPublishers.com

## उत्तर माला

# सहज हिंदी रचना

# 4

प्रोग्रेस पब्लिशर्स
कृष्णा नगर, दिल्ली 110051

EMAIL : progresspublishers@gmail.com

## कार्यपत्रक 1 बुद्धि परीक्षण

1. **निम्नलिखित वर्णों से दो-दो शब्द बनाओ -**

अ - अनार, अमरूद  ट - टमाटर, टब

ज - जहाज, जल  ल - लट्टू, लड़का

2. **लिंग बदलकर लिखो -**

मालिन  शेर

रानी  देवता

बकरीमोर

सेठानी  दादा

3. **दिए गए वाक्यों से चुनकर संज्ञा शब्द लिखो -**

मीरा  पुस्तक

रेलगाड़ी  वीरता

कुत्ते  बस

4. **इन शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखो -**

अश्व - घोड़ा, हय  पहाड़ - पर्वत, गिरि

पथ - रास्ता, मार्ग  विद्यार्थी - छात्र, शिष्य

5. **सही शब्दों पर ✓ का चिह्न लगाओ -**
   1. ईश्वर परम दयालु है।
   2. हमारे विद्यालय में लड़कियाँ अधिक पढ़ती हैं।
   3. गुलाब फूलों का राजा है।
   4. केरल प्रदेश भारत के दक्षिण में स्थित है।

6. **रंगीन शब्दों के विलोम शब्द लिखकर रिक्त स्थानों की पूर्ति करो -**
   1. सीमा समझदार है तुम्हारी तरह **बेवकूफ** नहीं।
   2. प्रकाश होते ही **अँधेरा** भाग जाता है।
   3. जीवन में आगे बढ़ना है तो **पीछे** मुड़कर मत देखो ।
   4. मुझे इस प्रश्न का **उत्तर** नहीं मिल रहा है।

7. **वचन बदल कर वाक्यों को पुनः लिखो -**

1. घोड़े तेज दौड़ते हैं।
2. मेरी पुस्तकें दे दो।
3. मूर्ती सुंदर है ।
4. दवाइयाँ कहाँ मिलेंगी।

8. **उचित सर्वनाम शब्द चुनकर खाली स्थान भरो -**

1. **तुम** क्या कर रहे हो?
2. **मैं** भोजन कर रहा हूँ।
3. **उसे** आने दो ।
4. यह पुस्तक **किसकी** है?

9. **विशेषण शब्दों का प्रयोग कर वाक्य बनाओ -**

सुंदर - ताजमहल सुंदर है ।

मोटा - हाथी मोटा है ।

मीठा - आम मीठा होता है ।

हरा - पत्ता हरा है ।

10. **वाक्यों से चुनकर क्रियारूप रिक्त स्थानों में लिखो -**

| | |
|---|---|
| 1. पढ़ता हूँ | 5. लिखती है |
| 2. बनाती हैं | 6. जाते हैं |
| 3. नाचता है | 7. बहती है |
| 4. चमकता है | 8. चलती है |

11. **दिए गए वाक्यों से क्रियारूप छाँटकर उनके काल बताओ :-**

| | क्रियारूप | काल |
|---|---|---|
| 1. | देती है | वर्तमान |
| 2. | लगाता है | वर्तमान |
| 3. | थे | भूत |
| 4. | थीं | भूत |
| 5. | सीखूँगा | भविष्यत् |

12. **दिए गए वाक्यों में उचित स्थान पर विराम चिह्न । , ? ! लगाओ -**

1. क्या तुम प्रथम आये थे ?
2. देखो, कितना सुंदर चित्र !
3. बस्ते में पेंसिल, पेन और पुस्तकें हैं ।
4. बासी खाना हानिकारक है ।
5. छि:, कितने गंदे हैं तेरे दाँत !
6. फूल हमें हँसना सिखाते हैं ।
7. हम दाल, चावल और रोटी खाते हैं ।
8. हाय! हाय! यह क्या हो गया?

13. **उचित मुहावरे चुनकर वाक्यों को पूरा करो -**

1. दोपहर होते ही मेरे पेट में चूहे कूदने लग जाते हैं।
2. पढ़ते पढ़ते मेरी आँख लग गई।
3. क्यों बेकार की बातों में समय गवाँ रहे हो।
4. लगता है रमेश ने मेरे खिलाफ शिक्षक के कान भर दिए।

14. **उचित समुच्चयबोधक चुनकर वाक्यों को पूरा करो -**

1. जल्दी चलो **ऐसा न हो** वर्षा होने लगे।
2. मैंने अच्छा किया **परंतु** मुझे बुराई मिली।
3. गधा वजन ले जा सकता है **पर** दौड़ नहीं सकता।
4. अनीता के एक भाई **और** एक बहन है।

15. **दिए गए शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो -**

1. अचानक वर्षा होने लगी।
2. दिनेश बहुत स्वार्थी है।
3. हमेशा सत्य बोलना चाहिए।

## कार्यपत्रक 2 संज्ञा

1. **दिए गए वाक्यों से व्यक्तिवाचक संज्ञाएँ छाँटकर लिखो -**

1. कन्याकुमारी दक्षिण भारत
2. गंगा नदी हिमालय
3. ताजमहल शाहजहाँ

4. गणतंत्र दिवस राजपथ
5. रीना टीना

2. **जातिवाचक संज्ञाएँ छाँटकर लिखो -**
1. गाँव पहाड़ी
2. लड़का गेंद
3. शहर पेड़
4. कार्यालय कर्मचारी
5. ट्रेक्टर किसानों
6. मुख्यमंत्री नेताओं

3. **भाववाचक संज्ञाएँ छाँटकर लिखो -**
1. ईमानदारी सफलता
2. मोटापा स्वास्थ्य
3. बचपन मित्रता
4. वीरता कायरता
5. सज्जनता दुर्जनता

4. **व्यक्तिवाचक, जातिवाचक एवं भाववाचक संज्ञा शब्दों को उनके उचित वर्ग में लिखो -**

| व्यक्तिवाचक संज्ञा | जातिवाचक संज्ञा | भाववाचक संज्ञा |
|---|---|---|
| लालकिला | विद्यार्थी | कठोरता |
| दिल्ली | पीपल | मूर्खता |
| मधु | लड़की | मिलावट |
| यमुना | मराठी | बुढ़ापा |
| कबीर | शहर | खटास |
| पंजाब | शिक्षक | भलाई |
| पटना | पुस्तक | मित्रता |
| हिंदी | खिलाड़ी | पढ़ाई |

## कार्यपत्रक 3 विराम चिह्न

1. **स्त्रीलिंग और पुल्लिंग शब्दों को उनके उचित वर्ग में लिखो -**

**स्त्रीलिंग**

| | | | |
|---|---|---|---|
| जेठानी | चुहिया | देवरानी | लोहारिन |
| बालिका | युवती | देवी | घोड़ी |
| गायिका | शिष्या | हथिनी | धोबिन |

**पुल्लिंग**

| | | | |
|---|---|---|---|
| शिष्य | युवक | गायक | बालक |
| चूहा | घोड़ा | लोहार | धोबी |
| हाथी | देवर | जेठ | देव |

2. **पढ़ो, समझो और लिखो -**

1. घोड़ी 4. मामी
2. दादी 5. नानी
3. बकरी 6. बेटी

1. ऊँटनी 4. वकीलनी
2. राजपुतानी 5. रीछनी
3. मोरनी 6. भीलनी

1. देवरानी 4. चौधरानी
2. सेठानी 5. पठानिन
3. जेठानी 6. मुगलानी

1. पड़ोसिन 4. कुम्हारिन
2. ग्वालिन 5. तेलिन
3. मालिन 6. दरजिन

1. चुहिया 4. कुत्तिया
2. बंदरियाँ 5. डिबिया
3. बुढ़िया 6. पुलिया

3. **लिंग के अनुसार उपयुक्त शब्द चुनो -**

1. रोटियाँ सिक रही हैं।
2. आज मैंने नई फ्रॉक पहनी है।
3. हमें बुजुर्गों की सेवा करनी चाहिए।
4. हवा तेज चल रही है।

4. **लिंग बदलकर वाक्य पुनः लिखो -**

1. वह सुबह से पुस्तक पढ़ रही है।
2. बँदरिया झटपट पेड़ पर चढ़ गई।
3. वह हिंदी की प्रसिद्ध लेखिका है।
4. नौकरानी कहाँ चली गई?

## कार्यपत्रक 4 वचन

1. **पढ़ो समझो और लिखो -**

| | |
|---|---|
| 1. थैले | 4. बूढ़े |
| 2. कपड़े | 5. बेटे |
| 3. बच्चे | 6. छाते |

| | |
|---|---|
| 1. बेटियाँ | 4. जातियाँ |
| 2. मिठाइयाँ | 5. नदियाँ |
| 3. दवाइयाँ | 6. सखियाँ |
| 1. रातें | 4. बातें |
| 2. मेजें | 5. कलमें |
| 3. तस्वीरें | 6. बहनें |

| | |
|---|---|
| 1. बुढ़ियाँ | 4. चुहियाँ |
| 2. गुड़ियाँ | 5. खटियाँ |
| 3. डिबियाँ | 6. लुटियाँ |

| | |
|---|---|
| 1. कथाएँ | 4. कन्याएँ |
| 2. माताएँ | 5. गाथाएँ |
| 3. सभाएँ | 6. लताएँ |

1. ऋतुएँ
2. वस्तुएँ
3. गऊएँ
4. धेनुएँ
5. धातुएँ
6. वधुएँ

2. **दिए गए वाक्यों को बहुवचन में बदल कर लिखो -**
   1. बालक पतंग उड़ा रहे हैं।
   2. मेज पर टमाटर रखे हैं।
   3. फल मीठे हैं।
   4. पक्षी पानी पी रहे हैं।

3. **वचन के अनुसार उपयुक्त शब्द चुनो -**
   1. परीक्षा कक्ष में एक कुर्सी खाली पड़ी थी।
   2. जन्मदिन पर रीटा को एक खिलौना मिला।
   3. कक्षा के सभी लड़के कल पिकनिक पर गए थे।
   4. किले के ऊपर कई तोपें लगी थीं।
   5. दादी ने हमें रोचक कहानी सुनाई।
   6. उसके पास कई पेंसिलें हैं।
   7. हमारे विद्यालय में चालीस कमरे हैं।

## कार्यपत्रक 5 कारक

1. **उचित कारक शब्द चुनकर वाक्य पूरे करो -**
   1. बालक शीशी **के द्वारा** दूध पीता है।
   2. हमें गरीबों **पर** दया करनी चाहिए।
   3. बालक किसी **से** घृणा नहीं करता।
   4. लड़का चाकलेट **के लिए** तंग कर रहा है।
   5. बाजार **से** जाकर कपड़े ले आओ।
   6. रोहन **ने** खाना खा लिया।

## कार्यपत्रक 6 सर्वनाम

1. **उचित सर्वनाम शब्द चुनकर वाक्यों को पूरा करो -**
   1. मैं **आपके** लिए जन्मदिन का उपहार लाई हूँ।
   2. **वह** हमेशा समय पर कार्य करता है।
   3. कल **हम** सब लोग चिड़ियाघर देखने जाएँगे।
   4. **वे** बड़ी दूर से आए हैं।
2. **वाक्यों में उचित शब्द लिखकर उन्हें पूरा करो -**
   1. नाम के स्थान पर आने वाले शब्दों को **सर्वनाम** कहते हैं।
   2. मैं शब्द **वक्ता** का बोध कराता है।
   3. वह शब्द **किसी अन्य** का बोध कराता है।
   4. तुम शब्द **श्रोता** का बोध कराता है।
3. **वाक्यों में प्रयुक्त सर्वनाम शब्द छाटँकर लिखो-**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | वे | मेरे |
| 2. | हम | तुम्हारे |
| 3. | हमारी | वह |
| 4. | उन्होंने | हमारे |

4. **दिए गए चित्र किसी न किसी सर्वनाम शब्द का बोध कराते हैं उनका वाक्यों में प्रयोग करो -**

वह पढ़ता है। वे दोनों पढ़ते हैं। हम सब पढ़ते हैं।
वे खेलते हैं। यह लालकिला है।

## कार्यपत्रक 7 विशेषण

1. **रिक्त स्थानों की पूर्ति करो -**
   1. यह पार्क **हरा-भरा** है।
   2. तुम्हारे विद्यालय में **अनेक** छात्र पढ़ते हैं।
   3. सब लोग **गंदे** बच्चों से घृणा करते हैं।
   4. तिरंगा हमारा **राष्ट्रीय** ध्वज है।
   5. हमें अपनी पुस्तकें **साफ-सुथरी** रखनी चाहिए ।

2. **दिए गए वाक्यों में से विशेषण और विशेष्य छाँटकर लिखो -**

| **विशेषण** | **विशेष्य** |
|---|---|
| 1. ऊँचा | हिमालय |
| 2. वफादार | कुत्ता |
| 3. सात रंग | इंद्रधनुष |
| 4. अनेक | भारत |
| 5. नौकर | डाकिया |

3. **दिए गए विशेषण शब्दों का अपने वाक्यों में प्रयोग करो-**

1. फूल बहुत सुंदर होते हैं।
2. मेरे पास पाँच गेंदें हैं ।
3. पर्वत बहुत विशाल है ।
4. लालकिला प्राचीन है ।
5. पत्ता हरा है ।

## कार्यपत्रक 8 क्रिया

1. **उचित क्रिया शब्द चुनकर वाक्यों को पूरा करो -**

1. मैं सूर्य उदय से पहले **उठता** हूँ।
2. हमें अपने पर्यावरण का ध्यान **रखना** चाहिए।
3. मैं बस से विद्यालय **जाता** हूँ।
4. विद्यार्थियों को परिश्रम से **पढ़ना** चाहिए।
5. मेरे पिताजी दफ्तर में काम **करते** हैं।

## कार्यपत्रक 9 क्रिया - काल

1. **उचित शब्द लिखकर रिक्त स्थानों की पूर्ति करो -**

1. भारत के प्रधानमंत्री पंद्रह अगस्त को झंडा **फहराएँगे** ।
2. कक्षा में अध्यापिका **पढ़ा रही हैं** ।
3. मैं अपना गृहकार्य **कर चुका हूँ** ।
4. हम कल नानी के घर **जाएँगे** ।

5. मम्मी खाना **बना रही हैं**।
6. हम मैच अवश्य **जीतेंगे** ।
7. कल तेज बारिश **हुई थी** ।
8. सिपाही ने चोर को **पकड़ लिया**।

2. **दिए गए वाक्यों में प्रयुक्त काल का नाम उनके सामने लिखो -**

| | **कब** | **काल** |
|---|---|---|
| 2. | | भूतकाल |
| 3. | | वर्तमान काल |
| 4. | बीत गए समय में | भूतकाल |
| 5. | आने वाले समय में | भविष्यत् काल |
| 6. | बीत गए समय में | भूतकाल |
| 7. | चल रहे समय में | वर्तमान काल |
| 8. | बीत गए समय में | भूतकाल |

3. **दिए गए वाक्य काल के अनुसार बदल कर लिखो -**

| भूतकाल | वर्तमान काल | भविष्यत् काल |
|---|---|---|
| - | आकाश में तारे निकल रहे हैं। | - |
| सूरज पूर्व से निकला था। | - | सूरज पूर्व से निकलेगा। |
| - | वह भोजन कर रहा है। पक्षी पेड़ पर बैठ रहे | वह भोजन करेगा। |
| पक्षी पेड़ पर बैठ चुके थे। | हैं। - | - |
| रवि पतंग उड़ा रहा था। | | रवि पतंग उड़ाएगा। |

## कार्यपत्रक 10 क्रियाविशेषण

1. दिए गए वाक्यों में क्रियाविशेषण शब्दों को छाँटकर लिखो -
   1. प्रतिदिन
   2. भोजन के बाद
   3. धीरे-धीरे
   4. जोर
   5. ऊपर

2. चित्र देखकर उचित क्रियाविशेषण शब्द लिखो -

   घोड़ा **तेज** दौड़ता है।

   लड़का **जोर-जोर** से हँसता है।

   हम **बाहर** खेलते हैं।

   बंदर पेड़ के **ऊपर** बैठा है।

   मैं व्यायाम **प्रतिदिन** करता हूँ।

   वह **ध्यानपूर्वक** पढ़ता है।

3. उचित क्रियाविशेषण शब्द लिखकर रिक्त स्थानों की पूर्ति करो -
   1. समय **व्यर्थ** मत गँवाओ।
   2. अच्छे स्वास्थ्य के लिए **प्रतिदिन** व्यायाम करना चाहिए।
   3. अपना कार्य **ध्यानपूर्वक** करने में ही तुम्हारी भलाई है।
   4. राम **परसों** अपने गाँव जा रहा है।

4. नीचे लिखे क्रियाविशेषण शब्दों से वाक्य बनाओ -
   1. मैं अभी आता हूँ ।
   2. तुम तुरंत जाओ ।
   3. हमें हमेशा सत्य बोलना चाहिए ।

## कार्यपत्रक 11 संबंधबोधक

1. उचित संबंधबोधक शब्द खाली स्थान में लिखो -
   1. मेरे घर **के सामने** विद्यालय है।
   2. पेड़ **के ऊपर** तोता बैठा है।
   3. मीरा छत **पर** पतंग उड़ा रही है।

4. बस **के आगे** कार जा रही है।
5. पहाड़ी **के नीचे** मेरा घर है।
6. मम्मी ने हम सब **के लिए** भोजन बनाया।
7. रीना **के साथ** सुनीता बाजार गई है।

## कार्यपत्रक 12 योजक (समुच्चयबोधक)

1. उचित समुच्चयबोधक शब्द चुनकर वाक्य पूरे करो -
   1. मैं समय पर नहीं आ सका **क्योंकि** वर्षा हो रही थी।
   2. वे जल्दी-जल्दी गए **ताकि** समय पर पहुँच सकें।
   3. क, ख, ग, घ, ङ, **आदि** व्यंजन वर्ण हैं।
   4. परिश्रम करो **अन्यथा** पछताओगे।
   5. वह निर्धन है **परंतु** ईमानदार है।
   6. **जहाँ** प्रेम है **वहाँ** सुख है ।
   7. **जब** वह आएगा **तब** मैं जाऊँगा।
   8. मैं चुपचाप बैठा हूँ **और** तुम शोर मचा रहे हो।
   9. मैं भाग कर गया **ताकि** बस पकड़ सकूँ।

## कार्यपत्रक 13 शब्द समूह के लिए एक शब्द

1. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द चुनकर लिखो -
   1. घर
   2. परिवार
   3. निडर
   4. मुफ्त
   5. मुर्गा
   6. लालची
   7. भूखा
   8. बीमार
   9. गड़रिया
   10. कामचोर
   11. देहाती
   12. शहरी
   13. भारतीय
   14. विदेशी
   15. ग्रामीण
   16. भिखारी
   17. टहलना
   18. ठिठुरना
   19. हिम्मती
   20. अदृश्य

## कार्यपत्रक 14 विराम चिह्न

1. **वाक्यों में उचित विराम चिह्न लगाओ -**

    1. क्या आप मुझे अपने साथ ले चलेंगे ?
    2. हमारी राष्ट्रभाषा हिंदी है।
    3. अरे! वह स्कूल से भाग गया ।
    4. गाय, बकरी और भैंस पालतू जानवर हैं ।
    5. राम ने कहा, "मैं किताब नहीं दूँगा" ।
    6. ताजमहल किसने बनवाया था ?
    7. शिक्षक ने कहा, सत्य बोलो ।
    8. इस विद्यालय में अनेक छात्र पढ़ते हैं ।
    9. हाय! देखो वह छत से गिर गया ।
    10. सुधा! इधर आओ ।
    11. छि! मैं तेरे जैसे के मुँह नहीं लगता ।
    12. क्यों आप कहना नहीं मानते ?
    13. अध्यापक ने कहा, "काम करके लाना" ।
    14. सूर्य पश्चिम में अस्त होता है ।
    15. वाह! तुम तो विजयी हो गए ।
    16. फ्रिज में फल, सब्जी, दूध आदि रखे हैं ।
    17. भारत का राष्ट्रीय पक्षी कौन है ?
    18. दूध से पनीर, घी, खोया आदि बनता है ।
    19. हमें पर्यावरण का ध्यान रखना चाहिए ।
    20. हमारे राष्ट्रपति कहाँ रहते हैं ?

## कार्यपत्रक 15 मुहावरे

1. **उचित मुहावरे चुनकर वाक्यों को पूरा करो -**

    1. लेटते ही उसकी **आँख लग गई** ।
    2. बच्चा माँ की **आँखों का तारा** होता है।
    3. मेरा पड़ोसी जब देखो **बक-बक करता** रहता है।
    4. जादू का खेल देखकर हम **दंग रह गए**।

5. रामू हमेशा काम से **जी चुराता** है।
6. लड़के ने माँ की सीख **गाँठ बाँध** ली।
7. वर्षा न होने से खेती **चौपट हो गई**।
8. भगतसिंह में देश प्रेम **कूट-कूटकर भरा** हुआ था।
9. उसके मंत्री बनने से साथियों को **जलन हो गई**।
10. चोर भाग गया और पुलिस **देखती रह गई**।

## कार्यपत्रक 16 पर्यायवाची शब्द

1. **दिए गए शब्दों के आगे समान अर्थ वाले दो - दो शब्द चुनकर लिखो**

| | | | |
|---|---|---|---|
| पेड़ | - वृक्ष, तरु | दिन | - दिवस, वार |
| पत्र | - चिट्ठी, खत | नदी | - तटिनी, सरिता |
| ईश्वर | - भगवान्, प्रभु | प्रार्थना | - निवेदन, विनती |
| आवाज | - स्वर, ध्वनि | मनुष्य | - मानव, आदमी |
| दीपक | - दीया, चिराग | हाथी | - गज, करि |
| राजा | - नृप, नरेश | कठिन | - मुश्किल, दुर्गम |
| शरीर | - काया, तन | माता | - जननी, माँ |
| झुंड | - समूह, दल | बेटा | - लड़का, पुत्र |

## कार्यपत्रक 17 विलोम शब्द

1. **दिए गए शब्दों के विलोम शब्द चुनकर लिखो -**

| | | |
|---|---|---|
| लाभ | बेचना | महल |
| दुश्मन | कठोर | गरीब |
| झूठा | नीचे | नफरत |
| दु:ख | पास | अँधेरा |
| उठना | बुराई | बासी |
| जागना | सरल | पतला |
| दुर्गंध | नवीन | विदेशी |

## कार्यपत्रक 18 अनेकार्थी शब्द

1. **दिए गए प्रत्येक अनेकार्थी शब्द को उनके अर्थ के साथ मिलाओ -**

| | | |
|---|---|---|
| अर्थ | - | धन, कारण, प्रयोजन |
| अक्षर | - | वर्ण, शिव, स्वर-व्यंजन |
| अवकाश | - | अवसर, छुट्टी |
| उत्तर | - | उत्तर दिशा, जवाब, पीछे |
| पत्र | - | पत्ता, चिट्ठी |
| काल | - | समय, मृत्यु |
| कुल | - | सब, वंश |
| गुरु | - | शिक्षक, बड़ा, भारी |
| गुण | - | खूबी, स्वभाव, रस्सी |
| घर | - | मकान, कुल, कार्यालय |

## कार्यपत्रक 19 वाक्य

1. **दिए गए वाक्यों में उद्देश्य और विधेय छाँटकर लिखो -**

| | उद्देश्य | विधेय |
|---|---|---|
| 1. | बीरबल | याददाश्त बहुत तेज थी। |
| 2. | पृथ्वी | सूर्य के चारों ओर परिक्रमा करती है। |
| 3. | तारे | रात को चमकते हैं। |
| 4. | गधा | बोझा ढोता है। |
| 5. | मोहन | कविता पढ़ता है। |

## कार्यपत्रक 20 पत्र लेखन

1. आदरणीय भैया जी

पता ........................................

दिल्ली

सप्रेम नमस्कार

मैं यहाँ कुशल मंगल हूँ, आशा करता हूँ कि घर में आप सब भी

कुशल मंगल होंगे। मेरी अर्धवार्षिक परिक्षा अभी पिछले सप्ताह ही समाप्त हुई है लेकिन मुझे यह बताते हुए अच्छा नहीं लग रहा कि मेरे गणित में और विषयों से कम अंक आए है। मैंने मेहनत भी बहुत की थी। भैया मैं आपको विश्वास दिलाता हूँ कि मैं गणित में और मेहनत करूँगा और वार्षिक परिक्षा मैं अच्छे अंक लाऊँगा।

तुम्हारा छोटा भाई

अ.ब.स.

2. श्रीमति मुख्याध्यापिका जी

.................................. स्कूल

दिल्ली

विषय-चार दिन के अवकाश हेतु प्रार्थना पत्र।

महोदया

सविनय निवेदन है कि मेरी बहन का शुभ विवाह 21 मई को होना तय हुआ है। बारात मोदीनगर से आएगी। जिस कारण से हमारे घर पर रिश्तेदारों का आना जाना शुरू हो गया है और मैं विद्यालय आने में असमर्थ हूँ। अतः आपसे प्रार्थना है कि मुझे 19 मई से 22 मई तक का अवकाश देने की कृपा करें।

सधन्यवाद।

आपकी आज्ञाकारी शिष्या

अ.ब.स.

दिनांक : ................

## कार्यपत्रक 21 अनुच्छेद लेखन

### 1. राष्ट्रीय पक्षी - मोर

मोर खूबसूरती में सभी पक्षियों से सुंदर माना जाता है। इसीलिए भारत सरकार ने इसे राष्ट्रीय पक्षी घोषित किया है। जब आसमान में काली घटा छाती है तो मोर अपने पंख फैलाकर नाचने लगता है। उस समय इसकी खूबसूरती अद्भुत होती है। लगता है जैसे मोर ने हीरों जड़ित

पोशाक पहन ली है। हरे रंग के इसके खूबसूरत पंख हर किसी का मन मोह लेते हैं। आंख के नीचे सफेद रंग और चमकीली पतली गर्दन और सिर पर किसी मुकुट की भांति बड़ी-सी कलगी इसकी खूबसूरती में चार चांद लगा देती है। इसकी बोली बहुत मधुर होती है। तभी तो इसे पक्षियों का राजा कहा जाता है।

## 2. समाचार पत्र

आज के युग में समाचार पत्र मनुष्य की दिनचर्या का आवश्यक अंग बन गया है। प्रातःकाल से ही मनुष्य को इसका इंतजार रहता है। समाज की उन्नति में इसका अहम योगदान रहा है। समाचार पत्र संचार के साधनों में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। हमारे आसपास व देश-विदेश की घटनाओं की जानकारी हमें समाचार पत्र से ही प्राप्त होती है। अर्थात् हमें हर तरह की जानकारी इससे ही मिलती है। शिक्षा, खेल, मनोरंजन, साहित्य आदि की प्रमुख खबरें दैनिक समाचार में प्रकाशित होती हैं। हर देश में भिन्न-भिन्न भाषाओं में इसका प्रकाशन होता है। समाचार पत्र हमें देश-विदेश से परिचय कराता है। समाचार पत्र के अलावा हमें टीवी, इंटरनेट के द्‌वारा भी खबरें मिल जाती है। यह न्याय के खिलाफ हमेशा तत्पर रहता है। पहले इतने साधन नहीं थे, लेकिन अब समाचार पत्र के द्‌वारा हमें नई-नई ज्ञान की बातें भी मिलती हैं। यह हमारे लिए ज्ञान का सशक्त माध्यम है।

## 3. पिकनिक

सुबह आठ बजे का समय था। रविवार का दिन था, यानि मौज़-मस्ती का दिन। प्रातः काल से ही मौसम बहुत सुहावना था। हम सब परिवार के लोगों ने मिलकर उस दिन पिकनिक का कार्यक्रम बनाया। सबने मिलकर जाने की तैयारी शुरू कर दी। मम्मी ने खाने के सामान की पैकिंग की। पिताजी ने और हमने मिलकर कुछ खेल का सामान रखा। हम दस बजे घर से गाड़ी में निकल पड़े। बाहर का मौसम, लहराते पेड़ और ठंड़ी हवा हमारे मन को खुशी प्रदान कर रहा था। यह एक बहुत ही सुंदर नजारा था। हम नहर के पास कालीन बिछाकर बैठ गए और दृश्य का आनंद लेने लगे। वहाँ पर हम सबने नौकाविहार का भरपूर आनंद लिया। अब हमें भूख लगने लगी। भोजन के बाद हमने थो़ड़ी देर आराम किया।

बाद में हमने खेल का मजा लिया। अब शाम हो रही थी और इतनी मौज़-मस्ती के बाद हम थक भी गए थे। अल्पाहार के बाद हमने अपना सारा सामान गाड़ी में रखा और फिर घर के लिए निकल पड़े। पिकनिक खुशी और आनंद का एक स्त्रोत है। मैंने अपने परिवार के साथ पूरे दिन का आनंद लिया। इस तरह का दिन फिर से आने के लिए मैं बेसब्री से इंतज़ार कर रहा/रही हूँ।

## कार्यपत्रक 22 अपठित गद्यांश

1. **इस गद्यांश को पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उचित उत्तर दो -**
   1. पुस्तकों के संग्रहालय को पुस्तकालय कहते हैं ।
   2. पुस्तकालय में बैठकर पढ़ने की विशेष सुविधा होती है।
   3. हमें पुस्तक की सुरक्षा एवं समय से वापस करने का विशेष ध्यान रखना चाहिए।
   4. पढ़ने के लिए यहाँ अच्छा वातावरण होता है।
   5. जासूसी पुस्तकें पढ़ने में बहुत अधिक आनंद आता है।
2. **इस गद्यांश को पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उचित उत्तर दो -**
   1. आजकल बात करने का सबसे सुगम साधन मोबाइल फोन है।
   2. मोबाइल फोन ने जनजीवन को काफी व्यस्त बना दिया है।
   3. इसके अधिक उपयोग से व्यक्ति मानसिक रोग का शिकार हो सकता है।
   4. लोग पत्र व्यवहार का चलन भूलते जा रहे हैं।
   5. बच्चों को इससे दूर रहना चाहिए।
3. **इस गद्यांश को पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उचित उत्तर दो -**
   1. ईसाइयों का प्रमुख त्योहार क्रिसमस है।
   2. यह पर्व प्रति वर्ष 25 दिसंबर को मनाया जाता है ।
   3. पोप (धर्म गुरू) शांति, मानवता आदि का संदेश देते हैं।
   4. गिरजाघरों में इस दिन विशेष प्रार्थना के साथ क्रिसमस की खुशियाँ मनाई जाती है। क्रिसमस ट्री सजाया जाता है।
   5. प्रभु ईसा मसीह ने दीन-दुखियों से प्रेम करने और सेवा करने का उपदेश दिया था।

## कार्यपत्रक 23 निबंध लेखन

### 1. स्वतंत्रता दिवस

स्वतंत्रता दिवस हमारे देश का राष्ट्रीय दिवस है। यह 15 अगस्त को मनाया जाता है। इस दिन हमारा देश स्वतंत्र हुआ था। इसलिए यह दिन सारे देश में बड़े हर्ष और उत्साह से मनाया जाता है। पंद्रह अगस्त सन् 1947 में हमारे देश को अंग्रेजों की पराधीनता से स्वतंत्रता मिली थी। इस समारोह का मुख्य आयोजन राजधानी दिल्ली में लालकिले पर किया जाता है। समारोह का आरंभ प्रधानमंत्री के आगमन से होता है। सर्वप्रथम उनके द्वारा तिरंगा झंडा फहराया जाता है । तदुपरांत झंडे को इक्कीस तोपों की सलामी दी जाती है। इसके बाद प्रधानमंत्री देश के नाम संदेश देते हैं । यह स्वतंत्रता-दिवस अनेकानेक देशभक्तों द्वारा समय-समय पर किए गए संघर्षों और बलिदानों का प्रतीक है । अत: फूट डालो और राज्य करो की कूटनीति अपनाकर भारत को अपना दास बनाने वाले अंग्रेजों के विरुद्ध सिर पर कफन बाँध कर लड़ने वाली लक्ष्मीबाई, भगतसिंह, आजाद हिंद फौज का नेतृत्व करने वाले नेताजी सुभाषचंद्र बोस, सत्याग्रह करने वाले महात्मा गाँधी, देशवासियों को ललकारने वाले पं. नेहरू आदि स्वतंत्रता-संग्राम के नेताओं और सेनानियों के प्रति हमारे मस्तक इस दिन श्रद्धा से नत मस्तक होना स्वाभाविक हैं। इस प्रकार 15 अगस्त भारत देश के निवासियों के लिए हर्ष और उल्लास से पूर्ण एक महत्वपूर्ण दिवस सुनिश्चित होता है। अत: यह दिवस प्रत्येक देशवासी को बड़े उत्साह के साथ मनाना चाहिए । यह हमें प्रेरणा देता है कि हम अपने देश भारत की स्वतंत्रता की मजबूती से रक्षा करेंगे।

### 2. वर्षा ऋतु

वर्षा ऋतु भारत की प्रमुख 4 ऋतुओं में से एक ऋतु है। जुलाई और अगस्त के मास में वर्षा का जोर रहता है। वर्षा मन को ठंडक पहुंचाने वाली ऋतु है जिसका समूची प्रकृति को तथा किसानों को बेसब्री से इंतजार रहता है। वर्षा ऋतु में आकाश पर काली घटायें हर समय छाई रहती हैं। नदी, नाले और तालाब सब पानी से भर जाते हैं। ऐसा प्रतीत होता है, मानो सूखी भूमि के भाग्य उदय हुए हों। भूमि हरे वस्त्र पहन लेती है। इस मौसम में जंगल में मंगल हो जाता है। पक्षी प्रसन्न हो आकाश पर मंडराते हैं। भाई बहन के प्रेम का प्रतीक रक्षा बंधन का त्योहार वर्षा ऋतु में मनाया जाता है।



01012019